समाचार

मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना

पहली मोबाईल मेडिकल यूनिट पहुंची कोरबा

'' फ्री में इलाज के सपना होगे साकार, अब डाक्टर मन आगे हमर दुवार ''

(महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद एवं आयुक्त श्री एस.जयवर्धन ने किया इलाज सुविधा का अवलोकन, आमजन से लाभ उठाने की अपील की)

कोरबा 06 नवम्बर 2020 –छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत स्लम क्षेत्रों में पहुंचकर वहां के निवासियों की विभिन्न बीमारियों का इलाज करने वाली पहली मोबाईल मेडिकल यूनिट आज कोरबा पहुंची। वार्ड क्र. 14 पम्प हाउस स्लम क्षेत्र में यूनिट द्वारा लोगों का इलाज किया गया। महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद एवं आयुक्त श्री एस.जयवर्धन ने मोबाईल मेडिकल यूनिट की व्यवस्थाओं तथा इलाज प्रकिया का अवलोकन किया। उन्होने लोगों से अपील की कि वे शासन की इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ लें तथा निःशुल्क अपनी जांच व इलाज कराएं। इस मौके पर एम.आई.सी.सदस्य संतोष राठौर, एल्डरमेन एस.मूर्ति, पार्षद धनसाय साहू आदि उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा स्लम क्षेत्र में रहने वाले लोगों को उनकी बस्ती घर एवं दुवार पहुंचकर गुणवत्तापूर्ण निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श, उनकी जांच एवं विभिन्न बीमारियों का इलाज व दवाईयां उपलब्ध कराने हेतु जनकल्याणकारी योजना मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना क्रियान्वित की गई है। योजना के तहत डाक्टर, नर्स तथा अन्य मेडिकल स्टाफ व दवाईयों के साथ मोबाईल मेडिकल यूनिट स्लम क्षेत्रों में जाएगी तथा वहां के निवासियों की निःशुल्क जांच व विभिन्न बीमारियों का इलाज करेगी। नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र के लिए पहली मोबाईल मेडिकल यूनिट आज कोरबा पहुंची तथा वार्ड क्र. 14 पम्प हाउस स्लम क्षेत्र में लोगों का इलाज प्रारंभ किया। निगम क्षेत्र के 08 जोनों के लिए कुल 08 मोबाईल मेडिकल यूनिट अपनी सेवाएं देंगी। महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद एवं आयुक्त श्री एस.जयवर्धन ने मोबाईल मेडिकल यूनिट की व्यवस्थाओं तथा इलाज प्रकिया का अवलोकन किया। उन्होने लोगों से अपील की कि वे शासन की इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ लें तथा निःशुल्क अपनी जांच व इलाज कराएं। इस मौके पर इस मौके पर महापौर

श्री राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना बहुत ही अच्छी योजना है, स्लम क्षेत्रों में रहने वाले गरीब निर्धन व श्रमिक वर्ग के लोगों को उनकी सभी बीमारियों का इलाज उनके घर दुवार पहुंचकर किया जाएगा, अब उन्हें अस्पताल नहीं जाना पड़ेगा, छत्तीसगढ़ सरकार की यह संवेदनशीलता अनुकरणीय है।

योजना के तहत होगा पंजीयन– मोबाईल मेडिकल यूनिट के साथ श्रम विभाग के अधिकारी कर्मचारी भी रहेंगे, जो स्लम क्षेत्र में निवासरत लोगों का योजना के तहत पंजीयन करेंगे। जांच एवं इलाज हेतु स्लम क्षेत्र में निवासरत श्रमिक जिनका संगठित एवं असंगठित कर्मकार के रूप में पंजीयन है, वे अपना श्रमिक कार्ड साथ में लाएंगे। जिनका पंजीयन नहीं है, ऐसे श्रमिक अपने साथ आधार कार्ड, बैंक पासबुक एवं एक फोटोग्राफ साथ में लाएंगे, उनका पात्रता अनुसार पंजीयन किया जाएगा। परिवार में किसी एक सदस्य का पंजीयन होने के बाद परिवार के सभी सदस्य इसका लाभ ले सकेंगे एवं इलाज करा सकेंगे। एक बार पंजीयन होने के बाद दोबारा पंजीयन कराने की आवश्यकता नहीं होगी। मोबाईल मेडिकल यूनिट का स्लम क्षेत्रों में पहुंचने एवं इलाज करने का समय प्रातः 08 बजे से दोपहर 03 बजे तक निर्धारित किया गया है।

हम गरीबों को अब नहीं रहेगी इलाज कराने की चिंता– इस मौके पर अपनी जांच व इलाज कराने पहुंची पम्प हाउस स्लम क्षेत्र की निवासी श्रीमती नवधा कर्ष ने कहा कि मैं गरीब परिवार की हॅूं, रोजी मजदूरी कर हमारा परिवार चलता है, हमारे पास इतने पैसे नहीं होते की हम अपना ठीक से इलाज करा सकें। अब हमारे घर दुवार पहुंचकर शासन निःशुल्क इलाज करा रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने हम गरीबों के लिए यह योजना लागू कर हमें अपना इलाज कराने की चिंता से मुक्त कर दिया है, जिसके लिए मैं उनके प्रति दिल से आभारी हॅूं।